मेट्रो 3 के 42 में से 40 भूमिगत मार्ग का काम पूरा

मुंबई, कुलाबा बांद्रा सिप्ज इस मेट्रो 3 के मार्ग के 42 भूमिगत मार्गों में से 40 भूमिगत मार्ग का काम पूरा हो गया है। बाकी बचे दो भूमिगत मार्ग के लिए टीबीएम असेंबली का काम शुरू कर दिया गया है। ऐसा एमएमआरसीएल ने स्पष्ट किया है। जिस मेट्रो भूमिगत मार्ग का काम बाकी रह गया है उस भूमिगत मार्ग की लंबाई 1660 मीटर है और इसमें अगले ढाई महीने का समय लगेगा। अप और डाऊन 33.5 किमी भूमिगत मेट्रो 3 के निर्माण के लिए बड़ी सुरंग बोरिंग मशीनों का उपयोग किया जा रहा है। इस टीबीएम मशीन की लंबाई 100 मीटर है। एमएमआरसीएल के अनुसार दो टीबीएम ने विज्ञान संग्रहालय और महालक्ष्मी के बीच सुरंग का काम पूरा कर लिया है। वही टीबीएम अब महालक्ष्मी और मुंबई सेंट्रल के बीच उत्खनन कार्य के लिए उपयोग किया जाएगा।